नवभारत टाइम्स

# तीन साल पूरे होने पर मोदी सरकार ऐसे गिना रही उपलब्धियां

नवभारतटाइम्स.कॉम | May 26, 2017, 03.11 PM IST




अपनी उपलब्धियां बता रही मोदी सरकार


**नई दिल्ली**

तीन साल पूरे होने के मौके पर मोदी सरकार अपनी उपलब्धियों का जमकर बखान कर रही है। शुक्रवार को अखबारों में पूरे पेज का ऐड देकर जहां सरकार ने अपने तीन साल के बड़े कामों को जनता तक पहुंचाने की कोशिश की, वहीं सोशल मीडिया पर एक विडियो के जरिए भी सरकार अपने अचीवमेंट्स बता रही है। उधर देश के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन करने के लिए असम दौर पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जनता के बीच अपनी बात रखी।

शुक्रवार को अखबारों में 'साथ है विश्वास है, हो रहा विकास है' शीर्षक के साथ दिए गए ऐड में मोदी सरकार ने 11 बड़े पॉइंट्स में अपने काम गिनाए हैं। सरकार ने नोटबंदी, सर्जिकल स्ट्राइक, वन रैंक वन पेंशन जैसे बड़े फैसलों के साथ ही उन तमाम चीजों का जिक्र किया है जो सीधे जनता से जुड़ी हैं। भ्रष्टाचार मुक्त शासन, विदेशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित घर पहुंचाना, जनभागीदारी से स्वच्छ भारत अभियान, अतंरराष्ट्रीय जगत में बढ़ती प्रतिष्ठा, उज्जवला योजना और जीएसटी के फैसले को भी इन बिंदुओं में शामिल किया गया है।




साथ है
विश्वास है
हो रहा
विकास है
बड़े फैसले, कड़े फैसले
• कालेधन और भ्रष्टाचार से निपटने के लिए नोटबंदी का ऐतिहासिक निर्णय
• सालों बाद बेनामी प्रॉपर्टी पर कड़ा कानून बना
• सर्जिकल स्ट्राइक से आतंकवाद को मुँहतोड़ जवाब
• दशकों से लंबित OROP की माँग को पूरा किया
• सालों बाद GST पर सर्वसम्मति बनाई, देश को अब मिलेगी एक समान टैक्स व्यवस्था
खुशहाल परिवार
सुविधाएं अपार
• 28 करोड़ गरीब बैंक से जुड़े
• मुद्रा योजना के तहत गरीबों को 7.5 करोड़ लोन दिए गए, कुल लोन राशि 3.15 लाख करोड़ रुपये है
• 2 करोड़ से भी अधिक गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन
• स्टेंट की कीमत में 80% तक की कटौती
• जन औषधि केन्द्र से दवाईयाँ सस्ती हुई
• हर गरीब को पक्की छत देने का संकल्प
देश की तरक्की
ईमानदारी पक्की
• 3 सालों में भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं
• कालेधन और भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े कदम
• कोयला, स्पेक्ट्रम, एफ. एम. नीलामियों और पर्यावरण के मामलों में पूर्ण पारदर्शिता
• ग्रेड 3 और 4 की नौकरियों में इंटरव्यू ख़त्म
सबकी सुरक्षा
सबका ख्याल
• विदेशों में फँसे हज़ारों भारतीयों को सुरक्षित घर पहुँचाया गया
• पहली बार सूखा प्रभावित क्षेत्रों में ट्रेन से करोड़ों लीटर पानी पहुँचाया गया
• दिव्यांगजनों को अवसरों के माध्यम से नया हौसला मिला
• आदिवासियों को अपनी ज़मीन का हक मिल रहा है
जन-जन का साथ
बढ़ता विश्वास
• जन-भागीदारी से 'स्वच्छ भारत मिशन' एक जन आंदोलन बना
• 1 करोड़ से ज़्यादा लोगों ने LPG सब्सिडी छोड़ी
• कैशलेस ट्रांज़ैक्शन को अपार जन-समर्थन मिला और 2 करोड़ से अधिक लोगों ने 'भीम' ऐप डाउनलोड किया
• वी.आई.पी. कल्चर ख़त्म किया
देश-विदेश में बढ़ता मान
भारत की नई पहचान
• भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था
• 'मेक इन इंडिया' को पूरे विश्व में पहचान मिल रही है
• पूरा विश्व उत्साह से योग दिवस मना रहा है
• अंतरिक्ष में भारत को अभूतपूर्व सफलता मिल रही है
भारत का कल उज्ज्वल
• ग्रामीण सड़कों को अभूतपूर्व तेज़ी से बनाया जा रहा है
• भारतमाला और सेतु भारतम प्रोजेक्ट से देश का कोना-कोना जुड़ रहा है
• स्मार्ट सिटी से बेहतर कल का निर्माण हो रहा है
• देश-भर की पंचायतों को ब्रॉडबैंड से तेज़ी से जोड़ा जा रहा है
• जलमार्गों को भी ट्रांसपोर्ट के लिए विकसित किया जा रहा है
• रेल नेटवर्कों का विस्तार पहले से तेज हो रहा है
• 6 नए शहरों को मेट्रो की सुविधा मिलेगी
सशक्त नारी
सशक्त भारत
• 2 करोड़ से अधिक महिलाओं को गैस कनेक्शन
• मातृत्व अवकाश 12 हफ़्तों से बढ़ाकर 26 हफ़्ते
नये भारत की शक्ति
युवा शक्ति
• स्किल इंडिया के माध्यम से 1 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण मिलेगा
खेत खलिहान में
आ रही नई जान
• मंडियों को सीधे किसानों से जोड़ा जा रहा है
• e-NAM से किसानों को फसल का सही दाम
विकास का आधार
नीतियों में सुधार
• पूरे देश में एक समान टैक्स व्यवस्था
• 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' में बड़ा सुधार




सरकार ने आज यह ऐड अखबारों में दिया है

मोदी के तीन साल: देखें, तब और अब की तस्वीर

इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के जरिए भी सरकार अपने बड़े फैसलों की जानकारी विडियो की शक्ल में जनता तक पहुंचाने का काम कर रही है। 45 सेकंड के इस विडियो में नोटबंदी और बेनामी प्रॉपर्टी ऐक्ट के फैसले को कालेधन वालों की नींद उड़ाने वाला बताया गया है तो सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में कहा गया है कि इससे सरहद पार आतंकियों को मुंह की खानी पड़ी।

मोदी सरकार के 3 साल: ये रहे अहम पड़ाव

इसके अलावा GST और OROP को भी सरकार की बड़ी उपलब्धियों के तौर पर पेश किया गया है। केंद्रीय मंत्री, बीजेपी नेता और पार्टी समर्थक इस विडियो को ट्विटर और फेसबुक पर शेयर कर रहे हैं।